जुलाई-अगस्त में खुल जाएंगे मुंबईकरों के लिए अंडरग्राउंड मेट्रो के दरवाजे: एमएसआरसी

■ वरिष्ठ संवाददाता, मुंबई

मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का संचालन जुलाइ-अगस्त शुरू हो सकता है। मेट्रो अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) की 12 लोगों की टीम मुंबई पहुंच गई है, जो मेट्रो की स्पीड, सिस्टम, सेफ्टी, ब्रेक, ट्रैक्शन परफॉरमेंस समेत अन्य उपकरणों की जांच कर रही है। आगामी 10 से 12 दिन में आरडीएसओ की जांच पूरी होने की उम्मीद है। आरडीएसओ का सर्टिफिकेट प्राप्त होने के बाद मेट्रो की फाइनल जांच के लिए कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) को आमंत्रित किया जा जाएगा। इसके बाद जुलाई के अंत या अगस्त के पहले सप्ताह में मेट्रो के द्वार आम यात्रियों के लिए खुल सकते हैं।

पहले फेज़ की जांच कर रही है टीम: मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएसआरसी) के अनुसार, जॉइंट डायरेक्टर की अध्यक्ष में 12 लोगों की टीम मेट्रो-3 कॉरिडोर के पहले फेज़ की जांच कर रही है। पहले फेज़ के सभी स्टेशनों का काम 99 फीसदी से अधिक तक पूरे हो चुके हैं। केवल कुछ स्टेशनों में एंट्री और एग्जिट गेट का काम प्रगति पथ पर है। आगामी कुछ दिनों में यह काम भी पूरा कर लिया जाएगा।

बता दें कि कोलाबा-बांद्रा-आरे के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। 2023 के अंत से आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो का ट्रायल रन चल रहा है। बीते कुछ महीने में एमएमआरसी ने मेट्रो दौड़ाने के साथ ही सिग्नलिंग सिस्टम, टेलिकम्युनिकेशन, प्लैटफॉर्म स्क्रीन डोर और ट्रैक की टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया है। अपने स्तर पर मेट्रो की जांच के बाद आरडीएसओ को मेट्रो की जांच के लिए आमंत्रित किया गया है।

- अगले सप्ताह पूरा होगा कोलाबा-बांद्रा-आरे मेट्रो का आरडीएसओ टेस्ट
- 12 लोगों की टीम कर रही है जांच

पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का लंबा इंतजार

वर्ष 2016 से कोलाबा-बांद्रा-आरे के बीच मेट्रो 3 कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। आरे में कारशेड के निर्माण में हो रही देरी के कारण अब तक मुंबई को उसकी पहली अंडरग्राउंड मेट्रो नहीं मिल पाई है। कारशेड जमीन विवाद के कारण करीब ढाई साल तक कारशेड निर्माण कार्य ठप था। वहीं, एमएसआरसी पिछले ढाई साल से तेजी से कारशेड का निर्माण कर रही है। अब कारशेड का निर्माण कार्य अंतिम चरण के करीब पहुंच गया है। कारशेड तैयार कर मेट्रो प्रशासन मेट्रो सेवा शुरू करने की तैयारी में जुट गया है।

NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

चुनाव से पहले मेट्रो शुरू करने का दबाव

अक्टूबर-नवंबर में राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में मेट्रो प्रशासन पर चुनाव से पहले मेट्रो सेवा शुरू करने का दबाव है। मेट्रो सेवा शुरू कर राज्य की मौजूदा सरकार चुनाव के दौरान मेट्रो को अपनी उपलब्धि के तौर पर दर्शाना चाहती है। इस कारण मेट्रो प्रशासन भी मेट्रो का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने में जुटा हुआ है।